14 अप्रैल, 2020

प्रिय माता-पिता और अभिभावकों,

जैसे हम टोरंटो डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के रिमोट लर्निंग के दूसरे सप्ताह में प्रवेश करते हैं, मैं आपकी भागीदारी और धैर्य के लिए आपका धन्यवाद करना चाहता हूं, जैसे हम छात्रों और शिक्षकों को आमने-सामने से रिमोट लर्निंग में परिवर्तित करने में मदद करते हैं।

आप में से बहुत सारे लोगों ने सुना होगा कि प्रीमियर डग फोर्ड ने आज घोषणा की है कि छात्र 4 मई को स्कूल नहीं लौटेंगे, जैसे कि पहले बताया गया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि स्कूल वर्ष रद्द कर दिया गया है और यह कि शिक्षा मंत्री आने वाले दिनों में और अधिक जानकारी प्रदान करेंगे। जैसे ही हमें अधिक जानकारी मिलेगी और साझा करने के लिए विवरण होगा, हम ऐसा करेंगे।

हम जानते हैं कि परिवारों के कई सवाल हैं और इस समय कई चुनौतियां का सामना कर रहे हैं और हमारा स्टाफ जितना संभव हो सके उतना सहायक बनना चाहता है। नतीजतन, शिक्षक अलग-अलग तरीकों से परिवारों से जुड़ते हैं, जैसे कि एक सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म जैसे कि गूगल क्लासरूम (Google Classroom) या ब्राइटस्पेस (Brightspace), या ईमेल, फोन या सीधे मेल के माध्यम से।

जैसा कि हमने पिछले दो सप्ताहों में एक साथ इस प्रक्रिया के माध्यम से काम किया है, हमने छात्रों, परिवारों और कर्मचारियों से बहुमूल्य फीडबैक प्राप्त की है। दिए गए सुझाव और उठाई गई चिंताएं व्यापक रूप से भिन्न हैं। हमारी प्रतिक्रिया में मदद करने के लिए, हमारे काम को आगे बढ़ाने के लिए हमारे पास मार्गदर्शन करने के लिए पाँच सिद्धांत हैं:

1. सभी के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देना।
2. विभिन्न तरीकों से सीखने की निरंतरता पर ध्यान देना।
3. एक दूसरे से रिश्ते और संबंध बनाए रखना।
4. सभी छात्रों को व्यस्त रखना, विशेष रूप से उनको जो ऐतिहासिक रूप से सुविधाओं से वंचित हैं और वे जो कई कारणों से रिमोट लर्निंग में प्रभावी ढंग से भाग लेने में सक्षम नहीं हैं।
5. इस रिमोट स्पेस में प्रभावी होने के लिए कर्मचारियों की क्षमता का निर्माण करना।

कृपया जानें कि हम हर छात्र को घर पर रिमोट तरीके से और सुरक्षित रूप से सीखने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने देखभाल करने वाले कर्मचारियों को इस रिमोट लर्निंग के वातावरण में सबसे प्रभावशाली ढंग

से आपके बच्चों की सेवा के लिए समर्थन करते हैं। हमेशा की तरह, हम आपको अपडेट करना जारी रखेंगे। नीचे आपको इसके बारे में जानकारी मिलेगी:

- छात्रों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा
- उपकरणों का वितरण
- फील्ड ट्रिप्स, ग्रेजुएशन और अन्य कार्यक्रम
- प्रश्न या चिंताओं के संबंध में स्टाफ से संपर्क करना
- ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म
- छात्र मूल्यांकन
- मानसिक स्वास्थ्य संसाधन

## छात्रों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा

इस समय के दौरान जब बहुत सारे छात्र बहुत ज़्यादा समय ऑनलाइन बिता रहे हैं, ऑनलाइन सुरक्षा प्रथाओं को और सुदृढ़ करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। इंटरनेट हमारे समुदायों को सीखने और जुड़ने के कई अवसर प्रदान करता है, लेकिन यह साइबर अपराध, सोशल मीडिया के अनुचित उपयोग, गोपनीयता के मुद्दों और बहुत कुछ के लिए युवाओं को जोखिम में डाल सकता है। नीचे आपको अपने परिवार के साथ ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में चर्चा का समर्थन करने में मदद करने के लिए जानकारी मिलेगी। अगर हम एक साथ काम करते हैं - माता-पिता/अभिभावक, छात्र और शिक्षक - हम अपने छात्रों को ऑनलाइन जोखिम से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

माता-पिता/अभिभावकों और छात्रों के लिए कुछ महत्वपूर्ण ऑनलाइन सुरक्षा सुझाव इस प्रकार हैं:

- छात्रों को व्यक्तिगत जानकारी, जैसे उनके फोन नंबर, पता, सोशल इंशोरेंस नंबर, जन्म तिथि, व्यक्तिगत चित्र या वित्तीय जानकारी, बिना वयस्क अनुमति के इंटरनेट पर कभी साझा नहीं करनी चाहिए;
- यदि छात्र एक संदेश, टिप्पणी, छवि, या कुछ और ऑनलाइन देखते हैं जो उन्हें उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए चिंतित करता है या असहज महसूस करवाता है, तो उन्हें इसे तुरंत एक वयस्क के ध्यान में लाना चाहिए; तथा
- माता-पिता/अभिभावकों को जागरूक होना चाहिए और उन वेबसाइटों, वीडियो गेमों और ऐपस की निगरानी करनी चाहिए जो आपके बच्चे द्वारा उपयोग की जा रही हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे उपयुक्त हैं और सुरक्षित तरीके से उपयोग की जाती हैं।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया टीडीएसबी ऑनलाइन सुरक्षा वेब पेज पर जाएँ।

## ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म और वेब कॉन्फ्रेंसिंग

टीडीएसबी शिक्षकों को रिमोट रूप से छात्रों के साथ जुड़ने के लिए ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के विकल्प प्रदान करता है। यह व्यक्तिगत शिक्षकों का निर्णय है कि किस प्लेटफॉर्म(मों) का उपयोग

करना है छात्रों और परिवारों को अपने स्वयं के ज्ञान और आराम के स्तर के साथ-साथ छात्र और पारिवारिक परिस्थितियों के विचार के आधार पर कैसे शामिल करना है। छात्रों और परिवारों के लिए यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक कक्षा के लिए रिमोट लर्निंग अलग-अलग होगी और शिक्षक के पेशेवर निर्णय पर आधारित होगी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग करने के लिए शिक्षकों का स्वागत है लेकिन ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। हमारा सामान्य लक्ष्य सभी छात्रों को शामिल करना है। यह कई अलग-अलग तरीकों से और विभिन्न रणनीतियों और ऑनलाइन टूल का उपयोग करके पूरा किया जाएगा। हमारी यह अपेक्षा है कि किंडरगार्टन में शिक्षक और मनोनीत अर्ली चाइल्डहुड एजुकेटरों के पास अपने सभी छात्रों के साथ नियमित रूप से जुड़ने का एक तरीका होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र लर्निंग कार्यों और संसाधनों तक पहुँचने में सक्षम हैं, छात्रों की भलाई पर चेक इन किया जा सके और छात्रों को फीडबैक प्रदान की जाए।

हम मानते हैं कि जिन परिवारों में विशेष शिक्षा की आवश्यकता वाले छात्र हैं या अंग्रेजी भाषा सीखने वाले हैं, उनको अद्वितीय शिक्षण आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए विशेष ध्यान की आवश्यकता हो सकती है। टीडीएसबी में हमारे सभी विविध शिक्षार्थियों का समर्थन करना एक प्राथमिकता है और शिक्षक और ईएसएल/ईएलएल स्टाफ अन्य स्कूल स्टाफ के साथ सहयोग करना जारी रखते हैं, ताकि विशेष शिक्षा की जरूरत वाले छात्रों के लिए आईईपी में निर्दिष्ट विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर छात्र प्रोग्रामिंग को निजीकृत किया जा सके, जो ओंटारियो पाठ्यक्रम या वैकल्पिक पाठ्यक्रम तक पहुँच रहे हैं या अंग्रेजी भाषा सीखने वाले हैं। परिवारों को सीखने का समर्थन करने के लिए संसाधनों और अतिरिक्त साधनों तक पहुंचने के लिए विशेष शिक्षा संसाधनों या ईएसएल संसाधन पृष्ठ पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## छात्रों को डिवाइस वितरण

रिमोट लर्निंग तक पहुँचने के लिए जिन छात्रों को एक डिवाइस की आवश्यकता होती है, उनका समर्थन करने के लिए, हमने छात्रों को डिवाइस लोन देने की व्यवस्था की है। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, हमें बड़ी संख्या में अनुरोध प्राप्त हुए हैं - लगभग 29,000 परिवारों को डिवाइसों की आवश्यकता है - लेकिन कर्मचारी इन उपकरणों को जल्द से जल्द तैयार करने और वितरित करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए डिवाइसों को सीधे हमारे छात्रों के घरों तक पहुंचाने का निर्णय लिया कि परिवार सुरक्षित रूप से घर पर रह सकें। इस विकल्प में अधिक समय लगेगा, लेकिन हमारे समुदायों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।
यदि आपका बच्चा एक डिवाइस प्राप्त करता है, तो हम तकनीकी मुद्दों वाले परिवारों का समर्थन करेंगे। हम डिवाइस के वितरण के साथ इस जानकारी को शामिल करते हैं। डिवाइस के साथ समस्याओं की रिपोर्ट करने के लिए छात्र अपने शिक्षकों से भी जुड़ सकते हैं।

हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि विशेष शिक्षा की आवश्यकता वाले छात्रों के पास रिमोट लर्निंग तक पहुँचने के लिए विशेष शिक्षा राशि (एसईए) (Special Education Amount (SEA)) उपकरण है। परिवार और स्कूल स्पैशल एजुकेशन एसईए टीम, ओटी/पीटी टीम और आईटी टीम के साथ सहयोग करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्रोमबुक या विशिष्ट और विशेष उपकरण छात्रों को दिए जाएं।

## छात्र मूल्यांकन

मैं जनता हूँ कि यह जानकारी आपके साथ पहले भी साझा की जा चुकी है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि आप और आपका बच्चा रिमोट लर्निंग के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया को समझें:

**एलीमेन्ट्री छात्रों** के लिए, शिक्षक छात्रों के सीखने के सबूत इकट्ठे करने के लिए पहुँचों का उपयोग करेंगे और छात्रों को उनकी प्रगति पर सार्थक फीडबैक प्रदान करेंगे। बंद की अवधि के दौरान, शिक्षण में महत्वपूर्ण सुधार के साक्ष्य, शिक्षक द्वारा किसी विषय क्षेत्र में अंतिम ग्रेड असाइन करते समय ध्यान में रखे जा सकते हैं। अन्यथा, ग्रेड 1 से 8 के छात्रों को 13 मार्च, 2020 को स्कूल बंद होने तक उनकी लर्निंग के आधार पर अर्जित ग्रेड सौंपे जाएंगे। किंडरगार्टन से ग्रेड 8 तक, सभी छात्र, जून रिपोर्ट कार्ड प्राप्त करेंगे।

ऑंटैरियो यूनवर्सिटीज़ एप्लिकेशन सैंटर (ओयूएसी) (Ontario Universities' Application Centre (OUAC)) और ऑंटैरियो कॉलेज एप्लिकेशन सर्विसिज़ (ओकैस) (Ontario College Application Service (OCAS)) को ग्रेड रिपोर्ट करने की समय सीमा को पूरा करने के लिए 27 अप्रैल तक केवल **12 वीं कक्षा के छात्रों** के लिए मिड-टर्म मार्क्स दर्ज किए जाएंगे। मार्क्स 13 मार्च, 2020 तक (सेमेस्टर वाले स्कूलों की शुरुआत से, या गैर-सेमेस्टर वाले स्कूलों के लिए पिछली प्रोविंशियल रिपोर्ट कार्ड से) हुए काम को प्रतिबिंबित करेंगे। हालांकि, शिक्षक 13 मार्च से पहले ड्यू होने वाले असाइनमेंटों को स्वीकार कर सकते हैं और छात्रों को उनकी शिक्षा दिखने का अवसर प्रदान करने के लिए वे 6 अप्रैल के बाद एक अतिरिक्त असाइनमेंट दे सकते हैं। इन असाइनमेंटों को मिड-टर्म मार्क्स में केवल तभी सम्मिलित किया जाएगा, अगर यह उनके 13 मार्च के मार्क्स में सुधार करता है।

**सैकंडरी स्कूल में छात्रों** के लिए, शिक्षक रिमोट लर्निंग के दौरान टास्क, प्रोजैक्ट और उच्चतम गतिविधियाँ असाइन करेंगे और फीडबाइक प्रदान करेंगे; हालाँकि, यह कार्य अंतिम मार्क्स में केवल तभी विचारा जाएगा, यदि यह छात्र के मार्क्स में सुधार करेगा। यदि नहीं, तो जून में सब्मिट होने वाले फाइनल मार्क्स 13 मार्च, 2020 तक पूरे होने वाले काम को प्रतिबिंबित करेंगे।

हम समझते हैं कि परिवार रिमोट लर्निंग के दौरान सीखने वाले अंतराल के बारे में चिंतित हो सकते हैं। जब स्कूल बंद होने की अवधि समाप्त हो जाती है और अगली फॉल में, हम प्रत्येक छात्र की सीखने की जरूरतों को समझने

और जहां आवश्यक हो, उचित हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए बहुत इरादतन होंगे।

सभी छात्रों को ऑनलाइन या प्रिंट संसाधनों के माध्यम से लर्निंग तक पहुंचने में सक्षम होना चाहिए। हो सकता है कि यह जानने के बाद कि अगले कुछ महीनों में हम अंकों के साथ कैसे आगे बढ़ रहे हैं, कुछ छात्र लर्निंग में शामिल रहने के लिए प्रेरित ना रहें, लेकिन हम छात्रों को जहां भी संभव हो सके अपनी लर्निंग में शामिल रहने के लिए कह रहे हैं। यह छात्रों को तब मदद करेगा जब हम एक नियमित कक्षा और स्कूल के माहौल में लौटने में सक्षम होंगे। यहां तक कि अगर कोई छात्र घर पर सीखना जारी रखने में असमर्थ महसूस करता है, तो भी हम उनको अपने स्कूल से जुड़े रहने और अपने शिक्षक के संपर्क में रहने के लिए कहते हैं।

### फील्ड ट्रिप्स, ग्रेजुएशन समारोह और अन्य कार्यक्रम

हमारे पास आगामी फील्ड ट्रिप्ज़, ग्रैजुएशन समारोहों, प्रौम और कई अन्य गतिविधियों के बारे में कई प्रश्न आए हैं। आने वाले हफ्तों के बारे में अनिश्चितता को देखते हुए, हमने स्कूल के शेष वर्ष के लिए सभी फील्ड ट्रिप्ज़ और ओवरनाईट ट्रिप्ज़ रदद करने का कठिन निर्णय लिया है। अन्य सभी गतिविधियों, जैसे कि ग्रैजुएशन समारोह और प्रॉम के संबंध में, हम बहुत जल्द इन विवरणों की पुष्टि करने के लिए काम कर रहे हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य और संसाधन

हम समझते हैं कि यह कई परिवारों के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय है और यह कि अलगाव मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्रभावित कर सकता है। यदि आवश्यक हो, तो कृपया हमारे मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण (Mental Health and Well-being) वेब पेज पर उपलब्ध स्वयं-सहायता (self-help) और सेवा प्रदाताओं की बहुमूल्य जानकारी तक पहुँचें। यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने समुदायों को शारीरिक और मानसिक रूप से सुरक्षित रखने में मदद के लिए मिल के काम करें।

### हम अपने परिवारों की सहायता करेंगे

मैं इस पर बल देना चाहता हूँ की मैं आपकी भागीदारी और धैर्य की कितनी सराहना करता हूँ। टोरंटो डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड में आपके बच्चे की शिक्षा और सभी छात्रों की शिक्षा के लिए आपके निरंतर समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद। हम जानते हैं कि रास्ते में अड़चनें और एडजस्टमैंटें होंगी, लेकिन हम इन चुनौतियों को एक साथ दूर करेंगे। इस समय सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस कठिन समय में आप और आपका परिवार सुरक्षित रहें।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं, कृपया अपने बच्चे के शिक्षक को सीधे ईमेल करें। यदि आगे सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया स्कूल के प्रिंसिपल से संपर्क करें। यदि आपका स्कूल-आधारित प्रश्न है, लेकिन ईमेल तक पहुंच नहीं है, कृपया अपने स्कूल को फोन करें, एक मैसेज छोड़ दें और जितनी जल्दी संभव होगा कोई आपके फोन जवाब देगा।

यदि आपके सिस्टम-आधारित हैं, कृपया अपने सुपरइनटेंडेंट को ईमेल करें। यदि आपकी ईमेल तक पहुंच नहीं है, कृपया अपने सुपरइनटेंडेंट आफिस में फोन करें, एक मैसेज छोड़ दें और जितनी जल्दी संभव होगा कोई आपके फोन जवाब देगा। अपने स्कूल की संपर्क जानकारी के लिए, कृपया फाइंड यॉर स्कूल (Find Your School)वेब पेज पर जाएँ। हमेशा की तरह, नवीनतम अपडेट के लिए, कृपया TDSB वेबसाइट पर जाएँ।

फिर, कृपया अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें।

भवदीय,



John Malloy
Director of Education